हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री


4 अंजू ने सीएम से कहा- पढ़ लिखकर बनूंगी शिक्षिका, साय ने दी शाबासी






## खबर संक्षेप

### सशिमं मेधावी छात्र अलंकरण आज

**रायगढ़।** प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी एवं हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की परीक्षा में मेरिटोरियस छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह 30 दिसंबर सरस्वती शिक्षा संस्थान मुख्यालय रोहणीपुरम में आयोजित है। इसके मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री अवनीश भटनागर मुख्य वक्ता होंगे। संस्थान सचिव विवेक सक्सेना परीक्षा प्रकोष्ठ के भानुप्रकाश सोनी ने मेधावियों से समय पर उपस्थित होने का निवेदन किया है। यह जानकारी संस्थान के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने दी है।

### जवाहर भवन, परींटार तालाब परिसर में सफाई



**सारंगढ़।** जिले के नगरीय निकायों में सुशासन दिवस से जारी स्वच्छता अभियान के तहत सीएमओ राजेश पांडेय के नेतृत्व में नगरपालिका सारंगढ़ के तुर्की तालाब के पास स्थित जवाहर भवन परिसर का सफाई किया गया। वहीं सीएमओ अनिल सोनवानी के नेतृत्व में बरमकेला के वार्ड क्रमांक 1 के परींटार तालाब का साफ-सफाई किया गया। नगरीय निकाय के सफाईकर्मियों द्वारा दोनो स्थलों का बखूबी सफाई किया गया।

### रेलवे ट्रैक में युवक का मिला शव

**रायगढ़।** खरसिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुराना महका गेट के समीप रेलवे ट्रैक में एक युवक का शव बरामद किया गया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक में परिजनों के नही पहुंच पाने के कारण मृतक के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों की माने तो युवक का नाम मनीष पटेल पिता कार्तिक राम पटेल बताए जा रहा है। यह घटना मध्य रात्रि करीब 2.30 की बताई जा रही है। वहीं इस मामले पुलिस आत्महत्या किए जाने की बात कह रही है। बताया जा रहा है की मृतक बड़े देवगांव का निवासी है। इस बारे में खरसिया चौकी प्रभारी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि परिजनों के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### महिला श्रमिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायगढ़।** महिला श्रमिक ने बंजारी मन्दिर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। श्याम इस्पात के ठेका मजदूर की लेबर क्वार्टर में संदिग्ध मौत हो गई। दोनों घटना पूंजीपथरा थाना की है। जानकारी के अनुसार तराईमाल स्थित बंजारी मन्दिर में साफ सफाई का काम करने वाली राधिका सिदार के आवासीय कमरे में उसकी बड़ी बहन पूजा सिदार पिता सुकुल साय 25 साल की फांसी के फंदे पर झूलती लाश मिली। मूलतः पत्थलगांव के ग्राम बहनाटांगर निवासी पूजा अपने माता पिता के साथ आकर छोटी बहन राधिका के बंजारी मन्दिर स्थित आवासीय कमरे में रहते हुए ठेकेदार के मातहत मजदूरी करती थी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि वह पेट दर्द से काफी परेशान रहती थी। दूसरे मामले में श्याम इस्पात के सामने लेबर क्वार्टर में तमनार थानांतर्गत ग्राम गोढ़ी निवासी नत्थूराम सिदार आत्मज सखाराम 49 वर्ष की संदिग्ध हालत में शव पाया गया। 5 माह पहले नत्थूराम पूंजीपथरा आकर श्याम इस्पात में ठेका मजदूरी करते हुए लेबर क्वार्टर में रहता था। पिछले 3-4 रोज से सीने में दर्द होने पर वह काम पर नहीं जाता था। आशंका है कि हार्टअटैक आने से उसकी मृत्यु हुई है।

### ठगी का नया पैंतरा : पैसों की मांग कर रहे ठग

# एफआईआर से नंबर निकाल प्रार्थी को मामले के निपटारे का दे रहे झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खास खबर

जिले में इन दिनों ठगों ने एफआईआर दर्ज कराने वाले प्रार्थियों को ठगने की एक नई तरकीब निकाली है। ठग एफआईआर से प्रार्थी का नंबर निकाल कर पुलिस से अच्छी पहचान होने और मामले को निपटाने के लिए रकम की मांग कर रहे हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि इस बारे में पुलिस को शिकायत मिल चुकी है और इस मामले में बड़े ही गहन से जांच किए जाने की बात सूत्र बता रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में ठगों का नया दल सक्रिय हुआ है, जो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे प्रार्थियों से मामले के निपटारे के लिए बकायदा आनलाइन एफआईआर की कॉपी से उनका नंबर निकाल कर उनसे संपर्क कर रहा है। वहीं संबंधित मामले में सेटलमेंट कराने व निपटारे को लेकर वे प्रार्थियों को आश्वास्त करते हुए संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी से अच्छी पहचान होने की बात कर प्रार्थी भरोसा जीत कर उनसे पैसों की मांग भी कर रहे हैं। ऐसे में प्रार्थी भी इनके चंगूल में आकर फंसते नजर आ रहे हैं।




जिले में ठगों का नया दल सक्रिय

#### पुलिस को मिली सूचना

पुलिस के आलाधिकारियों को भी इस ठगी व ठग गिरोह के बारे में उनके सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई है। इस मामले में पुलिस भी गुप्त पतासाजी कर गंभीरता से मामले पर नजर बनाए हुए है।

#### लिया जा सकता है एक्शन

सूत्र बता रहे हैं कि इस प्रकार ठगी करने वाले लोगों पर पुलिस भी निगरानी रखते हुए एक्शन ले सकती है। हालांकि इस बात को भी गुप्त रखा गया है। हालांकि शिकायत मिलने के बाद उचित कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

#### कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से जांच करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- सदानंद कुमार**
एसएसपी, रायगढ़

# कोतरलिया में लगी चक्रधर नगर पुलिस की जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीणों को साइबर अपराधों की दी गई जानकारी



जिले में रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा के खिलाफ अभियान के तहत 29 दिसंबर को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में ग्राम कोतरलिया बीच बस्ती में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से महिलाएं आमंत्रित थी। कार्यक्रम में टीआई प्रशांत राव आहेर ने बताया कि नशापान घर, परिवार की बर्बादी और पिछड़ेपन का कारण बनता है।

परिवार का मुखिया यदि नशे का आदी है तो घर की महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान होती है। उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही हैए बावजूद अवैध शराब बेचने वाले फिर सक्रिय हो जाते हैं। गांव को नशा मुक्त करने पुलिस व समाज के सहयोग महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को गांव में भारत माता वाहिनी की तर्ज पर महिला समूह बनाकर अपने-अपने घरों से नशा को ना करने जागरूक किया और नशे पर कार्रवाई के लिए सूचनाएं देने प्रेरित किया गया जिससे पुलिस कार्यवाही करें जिसका महिलाओं ने समर्थन किया गया। थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों की जानकारी और महिला को प्राप्त होने वाली विधिक सलाह और क्षतिपूर्ति राशि आदि के बारे में जानकारी दिया गया और वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक रहने कहा गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में गांव की महिलाएं, ग्राम सरपंच, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर और थाना चक्रधरगर के आरक्षक सुशील यादव, चूडामणी गुप्ता एवं ग्राम कोटवार उपस्थित थे।

# बिलाईगढ़ के वीबीएस यात्रा में शामिल हुए संयुक्त सचिव

**सारंगढ़।** संयुक्त सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास अशोक चौबे ने जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम खजरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का अवलोकन किया। श्री चौबे के सामने ड्रोन प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस यात्रा में अपने अपने विभाग के योजनाओं के डाटा जिसमें गांव मे कितने लोग हैं और कितने का आयुष्मान कार्ड बना है। ऐसे डाटा सभी विभाग शिविर मे रखेंगे और कितनों को लाभ दिया गया उस दिन और जो बचे उनके लिए क्या प्लान है। ये जानकारी सभी विभाग सभी शिविर मे देंगे।



इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम जलगढ़ और जामपाली में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम खमहारडीह और सिरोली में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गाताडीह, हरदी, खुरसुला में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया, जहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। जिले के नागरिकों को शिविर के माध्यम से विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का महिलाओं ने स्वागत एवं पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत निर्माण के लिए शपथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए संदेश का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ष्धरती कहे पुकार के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 5 जनवरी से सुबह एवं दोपहर की पाली में लगेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम क्षेत्र में 5 जनवरी से सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चिन्हअंकित जगह पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप का आयोजन होगा। कैंप में निगम अंतर्गत राशन कार्ड जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पीएम विश्वकर्म योजना सहित सभी योजनाओं का आवेदन लिए जाएंगे।

शासन के निर्देशानुसार नगर निगम व नकरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत अभियान यात्रा का आयोजन होगा। इसमें सभी वार्डों के लिए शासन के सभी योजनाओं के संभावित हितग्राहियों को संभावित लाभ पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम स्थानों में शासन के अंतर्गत कार्यरत सभी विभाग के स्टाल लगेंगे, जिसमें अधिकारी कर्मचारी संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों से आवेदन लेंगे और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 सामुदायिक भवन में विकसित भारत अभियान कैंप का आयोजन 5 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता दिलीप उरांव को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने स्टाल पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम स्थल में वार्ड क्रमांक 33 से 38 एवं 41 के हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह 5 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 23 बोईरदादर स्टेडियम में वार्ड क्रमांक 21 से 25 एवं 47, 48 के लए कैंप का आयोजन होगा। कैंप प्रभारी उप अभियंता राजेश पंडा का नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 13 मंगल भवन केवाड़ाबाड़ी बस स्टेंड में वार्ड क्रमांक 6 से 13 तक के लिए कैंप का अयोजन होगा। इसके लिए कैंप प्रभारी धीरत प्रजापति को नियुक्त किया गया है। 6 जनवरी की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 43 गोरखा हाई स्कूल जिंदल रोड में कैंप का आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 4,5 एवं 43 से 46 तक हितग्राहि आवेदन कर सकेंगे। कैंप के लिए उप अभियंता मुन्ना ओझा होंगे। 7 जनवरी की सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक वार्ड क्रमांक 28 नगर निगम आडिटोरियम पंजरी प्लांट में कैंप का आयोजन होगा। कैंप में वार्ड क्रमांक 26 से 32 तक के हितग्राही विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप प्रभारी सुश्री यज्ञा सिदार को नियुक्त किया गया है। 7 जनवरी अपरान्ह दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 18 नटवर स्कूल मैदान में कैंप आयोजन होगा। यहां वार्ड क्रमांक 14 से 20 तक के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए मिशन प्रबंधक केदार पटेल को कैंप प्रभारी नियुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 1 पीजी कार्मस कालेज कोतरा रोड में 8 जनवरी की सुबह 9 से दोपहर 1 तक कैंप का आयोजन होगा। कैंप में वार्ड क्रमांक 1 से 3 एवं 39,43 के निवासी विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप प्रभारी उप अभियंता हिराधर राठिया होंगे।

■ कैंप में निगम के अंतर्गत सभी योजनाओं का हितग्राही कर सकेंगे आवेदन

# जेएसपी फाउण्डेशन ने नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का किया संचालन

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार द्वारा गारे पालमा माइंस प्रक्षेत्र के ग्रामों में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम झरना में जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम पंच, स्व सहायता समूह की नारी शक्ति एकता की सक्रिय भागीदारी में सम्पूर्ण ग्राम में नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली निकाल कर गगन भेदी नारों के साथ आम जन मानस को जागरूक करने का समर्पित प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सविता कमल राठिया अध्यक्ष, जनपद पंचायत तमनार ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम अत्यधिक महत्वपूर्ण व आवश्यक है, क्योकिं हमसभी अपने स्वास्थ्य एवं परिवार को नशा मुक्त कर उसके सर्वांगीण विकास के बारे में परिचर्चा करने के लिए उपस्थित हुए हैं। आज हमें प्रण कर नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने का दिन है। स्वागतिका सिदार ने कहा कि नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का आयोजन को महज एक रैली न समझ कर समस्त ग्रामवासियों को एकजूटता प्रदर्शित कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ लेने का दिन है। अभियान सभी को अपने अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क व जागरूक रहने का संदेश व प्रेरणा देती है। इस अवसर पर शीतल पटेल, उप प्रबंधक, जेपीएल तमनार ने कहा कि जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित रही है। विशेषकर सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर क्षेत्र में स्वस्थ वातावरण निर्माण के लिए विभिन्न लोकोपयोगी स्वास्थ्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसे अपनाकर, जागरूक होकर स्वस्थ रहा जा सकता है। नशापान को त्यागकर अपने परिवार को खुशहाल बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होनें ग्रामीणों में व्याप्त रूढ़िवादिता को हानिकारक बताते हुए सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह भी किया।



# तमनार में क्रिकेट का फाइनल 1 को

**तमनार।** तमनार के हाई स्कूल मैदान में सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला द्वारा आयोजित अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2022-23 में रोमांचक मुकाबला कांटे की टक्कर हो रही है।क्रिकेट स्पर्धा में डीजे साउंड के साथ नागपुर, कलकत्ता के डेढ़ दर्जन नृत्यांगनाओं की मनोरम नृत्य प्रस्तुति से हजारो दर्शक खेलप्रेमी मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। अब तक तमनार, रुमकेरा, भगवती नगर गेम चेंजर, श्रीराम इंटरप्राइजेज महलोई पूंजीपथरा, घुटकु ननसिया, केशरचुआ बासनपाली, लिबरा तराईमाल, तमनार भगोरा, समकेरा बिजना, किरोड़ीमलनगर मुड़ागांव, सावित्रीनगर कसडोल, बोबा 11. एबीवीपी बोबा 11 भगवतीनगर, सीएसआर समकेरा, तमनार केशरचुआ, तमनार महलोई का मैच हो खेला जा चुका है। फायनल मैच समापन 1 जनवरी 2024 नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में स्थानीय तमनार, रायगढ़, बिलासपुर के साथ, कुम्बली, कटघोरा, सूरजपुर, ओडिसा, झारखण्ड मध्यप्रदेश सहित 32 टीम शामिल होंगे। हाई स्कूल मैदान के चारो ओर रंग रोगन व झंडा से सुसज्जित कर मंच व दर्शक दीर्घा विजय गैलरी को राज टेंट हाउस द्वारा भव्य सजाया संवारा गया है। क्रिकेट स्पर्धा करण कप में प्रथम पुरुस्कार 1 लाख 51 हजार व करण कप द्वितीय पुरस्कार 61 हजार व करण कप तृतीय पुरुस्कार 15 हजार करण कपएमेन ऑफ दी सीरीज व कप एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ़ दी मैचए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, फील्डर, कीपर को विशेष आकर्षक पुरुस्कार एवं हैट्रिक विकेट, चौके छक्के पर अन्य आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। तमनार अंचल के मशहूर क्रिकेट महाकुम्भ में खिलाड़ियों खेलप्रेमियों दर्शकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाने अपील किया गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2009 से हर वर्ष 25 दिसम्बर से 1 जनवरी तक भव्य आयोजन की जाती है।



### शासन ने जारी नहीं की राशि, 30 लाख का होना है भुगतान

# विद्यार्थियों को नहीं मिली 2 वर्ष के गणवेश की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बीते करीब 2 सत्र से न तो गणवेश का वितरण किया गया है और न ही उसकी राशि उनके पालकों के पाते में जमा की गई है। अहम बात यह है कि जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, यह तब की बात है। अब राज्य में सरकार बदलने के बाद इस पर ग्रहण लगता नजर आ रहा है। शासन से अब तक इसके संबंध में कोई आदेश शिक्षा विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है।

■ स्वामी आत्मानंद स्कूलों के विद्यार्थियों के पालकों तक नहीं पहुंच सकी

गौरतलब है कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्ययन प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को स्कूल के शुरूआती वर्ष में शासन द्वारा गणवेश का वितरण किया गया था। किंतु गणवेश बनाने के लिए एवज में शासन द्वारा दी जाने वाली राशि कम है, इसलिए किसी भी सप्लायर में गणवेश बनाने के लिए हामी नहीं भरी। ऐसी स्थिति में शासन स्तर पर गणवेश की राशि विद्यार्थियों के पालकों के खाते में जमा करने का निर्णय लिया। किंतु यह भी आधा अधूरा रह गया। जानकारी के अनुसार बीते दो सत्र से न तो विद्यार्थियों को गणवेश मिली है और ना उसकी राशि। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने वर्ष 2022-2023 व 2023-24 के लिए राशि जारी करने को लेकर आदेश जारी नहीं किया, ऐसे यह राशि विद्यार्थियों के पालकों तक नहीं पहुंच सकी। बताया जा रहा है कि करीब 30 लाख रूपए का राशि है जो पालकों को गणवेश के एवज में देनी है।



#### असमंजस्य मे अधिकारी

जानकारी के अनुसार अब तक जिला सहित पूरे प्रदेश में यही हाल है। विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि इस संबंध में अब तक कोई आदेश शासन की ओर से प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में इस राशि के आबंटन को लेकर अधिकारी भी असमजंस्य की स्थिति में हैं।

#### नहीं आया कोई आदेश

अब तक इस संबंध में कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में इसके बारे मे अधिकारी भी स्पष्ट तौर पर नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों से चर्चा की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नई कैबिनेट के मंत्रियों का विभाग बंटवारा नहीं होने की वजह से भी यह मामला अटका हुआ है।

#### आदेश का इंतजार

शासन की ओर से दो सत्र की गणवेश की राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। शासन के आदेश के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**- बी बाखला** जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़।

# सहारा इंडिया के निवेशकों ने कैबिनेट मंत्री चौधरी से की मुलाकात

**रायगढ़।** सहारा इंडिया के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और उनकी संपत्ति कुर्क कर पीड़ितों को राशि दिलवाने की लड़ाई अब तेज हो गई है। निवेशकों ने अब कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी को आपबीती बताते हुए 1 जनवरी से फिर भूख हड़ताल करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ रायगढ़ पहुंचे कैबिनेट मंत्री व रायगढ़ विधायक ओमप्रकाश चौधरी से सहारा पीड़ितों ने मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ के साथ आवेदन भी दिया। सहारा से बेसहारा हुए निवेशकों के प्रतिनिधि मंडल में रविशंकर दुबे और विकास निगानिया के साथ नरेश कंकरवाल ने बताया कि वे कंपनी में जमा अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई को पाने की आस में बीते 3 बरस से आंदोलन कर रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि रायगढ़ जिले के भी हजारों लोगों की जमापूंजी को हड़पने वाली सहारा इंडिया के कर्मचारियों के खिलाफ विधिवत जांच के बाद कलेक्टर के निर्देश पर विगत 20 सितंबर 2022 को सिटी कोतवाली में छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के अधिनियम 2005 के तहत धारा 420, 120 बी का मुकदमा पंजीबद्ध भी किया जा चुका है। चूंकि, इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ उनकी संपत्ति कुर्की करते हुए निवेशकों को राशि वापस करने का प्रावधान है। तकरीबन 65 आरोपियों की गिरफ्तारी होनी थी, मगर हुई 3 की और उनकी संपत्ति कुर्क नहीं हुई। यही वजह है कि सहारा पीड़ितों ने इस बहुचर्चित प्रकरण में 6000 निवेशकों के फंसे करीब 48 करोड़ रुपए को नियमानुसार दिलाने की मांग ओपी चौधरी से की।

■ उचित कार्रवाई करने की मांग, 1 जनवरी से करेंगे भूख हड़ताल

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री का कर्मियों ने किया स्वागत

**रायगढ़।** राज्य में भाजपा का सरकार बनने एवं विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री एवं ओपी चौधरी के कैबिनेट मंत्री चुने जाने के बाद प्रथम रायगढ़ आगमन पर सर्व विभागीय संविदा कर्मचारियों ने आत्मीय स्वागत किया। बुधवार को जब पूरा रायगढ़ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं 65 हजार से भी अधिक वोट से जीतने वाले प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के स्वागत के लिए तैयार था। ऐसे में संविदा कर्मचारियों ने अपने संघ के माध्यम से जूटमिल चौक में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के रोड शो में उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत हेतु जिले के सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे, जिसमें एनएचएम, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, आईटीआई, समग्र शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य सभी विभागों के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाया। कार्यक्रम में संविदा कर्मचारी मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान संविदा कर्मचारियों को है विश्वास, भाजपा सरकार देगा जल्द नियमितीकरण की सौगात तथा संविदा कर्मचारियों का कौन खेवईया, विष्णु भैया, ओपी भैया, का नारा लग रहे थे। पूर्व सरकार ने संविदा कर्मचारियों को छलते हुए उन्हें 5 वर्षों से जानकारी नहीं मिलने का बहाना बनाते हुए नियमितीकरण नहीं किया था, जिस पर 31 दिन के हड़ताल समय में भाजपा के नेताओं ने भाजपा सरकार बनने के बाद संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण का भरोसा दिलाया था। अब डबल इंजन के सरकार बनने के बाद संविदा कर्मचारियों को पूर्ण विश्वास है कि उनका नियमितीकरण का सौगात जल्द से जल्द मिलेगा।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने सीएम से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** अधिवक्ताओं के साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा आए दिन विवादित स्थिति निर्मित करते हुए अमर्यादित व्यव्हा करते रहते हैं जिसके उचित निराकरण हेतु भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मांग की है कि जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ के अधिवक्ताओं के विरुद्ध की गई झूठी एफआईआर राजस्व न्यायालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा कराया गया जिसको शीघ्र वापस लिया जाए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नोटरी नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी कर रायगढ़ जिले से संबंधित रायगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, खरसिया, तमनार, खरसिया, सारंगढ़ न्यायालय से अधिवक्ताओं का फॉर्म जिला न्यायाधीश रायगढ़ के माध्यम से जमा किया जा चुका है जिस पर शीघ्र कार्रवाई किया जाना उचित होगा ताकि नोटरी अधिवक्ताओं के माध्यम से आम जनता को भी सुविधा प्राप्त होगी। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने तक किसी भी अधिवक्ता के विरुद्ध प्रथम सूचना दर्ज करने के पूर्व अधिवक्ता संघ की सहमति लिया जाना अनिवार्य किया जाए। सभी राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों पटवारी के ऑफिसचेंबर में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए जिसकी मॉनीटरिंग कलेक्टर द्वारा करते हुए 24 घंटा सार्वजनिक किया जाए।

### साहिबजादों के शौर्य, वीरता, त्याग और धर्मनिष्ठा को किया याद

**सक्ती।** जिला प्रशासन द्वारा सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर दिव्या अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे, डीईओ बी.एल. खरे, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, मेघाराम साहू, रामवतार अग्रवाल, खिलावन साहू, मांगेराम अग्रवाल, रामचंद्र, रामनरेश यादव जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल शामिल हुए। इस अवसर पर बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह के जीवनी का चित्र के माध्यम से और विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गये मॉडल का प्रदर्शनी लगाया गया जिसे सभी अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।

## गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया

# मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी ने तुर्री पहुंचकर किया कुल देवता का दर्शन








हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार अपने गृह ग्राम बगिया आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने आज बंदरचुवा के पास तुर्री गांव पहुंचकर कुल देवता का दर्शन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कुलदेवता को गुड़, नारियल, पान, सुपारी अर्पित कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर स्थल में गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्वजों के आशीर्वाद से ही शुभ कार्य संपन्न होते हैं। आज तुर्री में अपने कुलदेवता का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली और जनहित में निरंतर कार्य करूंगा। मुख्यमंत्री के पूर्वज स्व. सरदार भगत साय(सरदार बूढ़ा) की स्मृति में मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में आसपास गांव के ग्रामीण जन मौजूद रहे।



**सीएम का ग्राम बगिया में किया गया किया स्वागत:** जिले के माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ग्राम बगिया मुख्यमंत्री निवास में पत्थलगांव विधायक गोमती साय, कंवर समाज, परिवारजनों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने फूल गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। सभी जनों ने क्षेत्र के लाडले से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रोहित साय, पूर्व विधायक, पवन साय,जीव नंदन साय, रोमहर्बन साय, पुरेंद्र नाथ साय, रामदेव साय, भानुदेव साय, संकेत साय , परिवारजनों सहित अन्य समाज के लोगों ने क्षेत्र के लाडले विधायक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर बेहद खुश है। कंवर समाज से मुख्यमंत्री बनने पर समाज में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद ग्राम बगिया निवास स्थान पर पहुंचने पर गदगद है। सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री बने निक्षय मित्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अटल सुशासन समारोह में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किट वितरण किया गया और निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों के लिए प्रेरणाप्रद बने। साथ ही इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा मरीजों को पोषण आहार किट वितरण किया गया। जशपुर विधायक रायमुनी भगत और जशपुर विधायक गोमती साय भी निक्षय मित्र बने। एवं पोषण आहार कीट वितरण किया गया। जिले के टी.बी. मरीजों में नया ऊर्जा का संचार हुआ है उपचार के साथ प्रेरणा भी मिली। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल भ्रमण किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो द्वारा जिला जशपुर में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम कि उपलब्धि पर विस्तार पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए, जांच, उपचार, निक्षय मित्र, पोषण योजना, प्रोत्साहन राशि, आदि की वितरण की जानकारी दी।

## स्वामी आत्मानन्द विद्यालय तत्काल बन्द करने सीएम को ज्ञापन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री को स्वामी आत्मानन्द विद्यालय तत्काल बन्द करने हेतु ज्ञापन देते हुए अंकभारती के संस्स्थापक ने कहा,कि हिन्दी का वह आपात्त काल था, काले दिन थे, जब हिन्दी माध्यम के विद्यालयों को समाप्त करते हुए उनके भूमि, भवन, अर्थ और संसाधन पर बरबस आधिपत्य कर स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल खुले। लोगों ने विरोध में पत्र लिखें , धरना प्रदर्शन किये, आन्दोलन चलायें किन्तु राजहट ऐसा कि कुछ सुनने को तैयार नहीं। अन्ततः दर्जनों जनहित याचिकायें उच्च न्यायालय पहुंची। उच्च न्यायालय ने मेरी जनहित याचिका पर निर्णय देते हुए रेखांकित किया कि यह मौलिक अधिकार का हनन, संविधान के अनुच्छेद २७४ का उल्लंघन तथा हिन्दी माध्यम को बंद कर इंग्लिश मीडियम संचालन विधि के विपरीत है। हद तो तब हो गई जब राज्य स्थापना दिवस पर अति उत्साह में तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने



घोषणा कर दी कि राज्य के सभी ६००० माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को स्वामी आत्मानन्द में अपग्रेड किया जाएगा। जनता के कान खड़े हो गये और जनता ने चुनाव में धूल चटा दी। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को तत्काल बन्द कर ४०-५० वर्षों से चल रहे हिन्दी माध्यम के विद्यालय को अपने पूर्व नाम और पहचान से पुनः संचालित किया जाए।

### जीवन झरना विकास संस्था में वार्षिकउत्सव

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था में वार्षिकउत्सव मनाया गया , जिसमे मुख्य अतिथि -नीलकमल कुजूर, विशिष्ट अतिथि अगुस्तुक कुजूर थे, जिसमे जीवन झरना विकास संथा कांसाबेल की संचालिका -सिस्टर एनी समस्त स्टाप संथा के द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी मानव तस्करी, बाल विवाह एव लैंगिक शोषण से छुड़ाए गए बच्चे, उनके अविभावक और विजयाज्योति कान्वेंट कांसाबेल के सभी सिस्टरगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे जीवन झरना विकास संथा कांसाबेल के कार्यकर्त्तायों के द्वारा उपस्थित लोगो को गाना के माध्यम से स्वागत किया गया और वर्तमान मे बच्चों और महिलाओ के साथ हो रहे डिजिटल अपराधों के संबंध मे नुक्कड़ नाटक और गाना के माध्यम से जागरूक किया गया। सिलाई प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी एवं दीनपालिका कन्याशाला के छात्राओं द्वारा मनोरंजन नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात समस्त अतिथियों द्वारा बच्चों को अपने भविष्य मे अच्छाई और बुराई को पहचान कर अच्छाई मार्ग मे चलने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया।

## ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ी आकांक्षा रानी ने जमाया शानदार शतक

**जशपुरनगर।** लैलूंगा में आयोजित हो रहे बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत के दिल्ली जैसी बड़ी टीमों के साथ जशपुर की महारानी क्रिकेट क्लब की टीम भी भाग ले रही है। महारानी क्रिकेट क्लब की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी आकांक्षा रानी ने गुरूवार को हुए मैच में धमतरी के खिलाफ शानदार 47 बाल में 128 रन की आतिशी पारी खेली जिसमें 12 छक्के और 12 खूबसूरत चौके शामिल रहे। इस पारी की बदौलत जशपुर ने धमतरी को आसानी से एकतरफा हरा दिया।

आकांक्षा रानी हाल ही में नेशनल टूर्नामेंट में दिल्ली जाने वाली है। जहां उन्होंने अलग अलग राज्य के खिलाड़ियों के साथ खेलेगी । आकांक्षा रानी जशपुर की एकमात्र महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जिनका चयन राष्ट्रीय कैंप में हुआ है। महारानी क्रिकेट क्लब के कोच संतोष कुमार ने बताया कि हम अपने सभी खिलाड़ियों को विशेष ध्यान देते है, महारानी क्लब स्वयं के खर्च से उन्हे प्रशिक्षण देते है और किसी भी टूर्नामेंट में आने जाने का पूरा खर्च उठाते है। आकांक्षा रानी ने अब तक इस टूर्नामेंट में 4 मैचों में 221 रन बना चुकी है, जिसमे इस शानदार शतक के साथ 34 बाल में 94 रन की पारी भी शामिल है। किसी तरह से बाहरी कोई मदद न मिलने पर भी जशपुर की खिलाड़ियों का यह शानदार प्रदर्शन ही हमे प्रेरित करता है और हम ऐसे खिलाड़ी बनाने पर ही ध्यान देते है। शहर के पूर्व राज्य स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी सूर्यकांत चन्द्रा ने बढ़ाई देते हुए कहा कि मैं महारानी क्लब के सदस्य और स्टाफ को बधाई देता हूं जिनकी कड़ी मेहनत का फल है की आज राष्ट्र स्तर पर हमारे खिलाड़ी जशपुर का नाम रोशन कर रहे है। निश्चित उनका यह प्रदर्शन आने वाले खिलाड़ी को प्रोत्साहित करेगा और जशपुर के लोग भी आगे आयेंगे।

## कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बिलासपुर संभाग के कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र चंद्रपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत 1 नवंबर से जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संबंधी कार्य किया जा रहा है, जिसका गुरुवार 28 दिसंबर को बिलासपुर संभाग के कमिश्नर के. डी. कुंजाम ने धान उपार्जन केंद्र चंद्रपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर श्री कुंजाम ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। संभागायुक्त ने जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य राजस्व अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीईओ आफिस में रामराज, 12 में से 9 मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नायब तहसीलदार एवं उनकी टीम द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टाफ के 12 में से 9 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। खास बात यह है कि इनमें से 3 सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी शामिल है। नायब तहसीलदार द्वारा अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का पंचनामा कर कार्रवाई के लिए एसडीएम को सौंपा गया है।

ज्ञात हो कि पामगढ़ बीईओ कार्यालय का नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र राज एवं उनकी टीम द्वारा cqवार 28 दिसंबर को औचक निरीक्षण किया गया। इस बीच अधिकारियों की टीम द्वारा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं कर्मचारियों के आने जाने का समय एवं उपस्थिति को लेकर जानकारी मिली कि यहां पदस्थ 12 स्टाफ में से 9 स्टाफ बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। स्टाफ के अनुपस्थिति को लेकर अधिकारियों की टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर कार्रवाई के लिए एसडीएम को जानकारी दी गई है। इसके पूर्व भी शासकीय महामाया उत्तर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में



### की जाएगी कार्रवाई

बीईओ कार्यालय में पदस्थ 12 स्टाफ में से 9 स्टाफ अनुपस्थित होने की जानकारी मिली है। नियमों के तहत अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

**-राजकुमार तंबोली** , अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पामगढ़

भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। जिसमें 10 शिक्षक शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले थे, जिन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। पामगढ़ विकासखंड में सभी ऑफिस में लगभग यही चल रहा है। सभी ऑफिस मनमानी तरीके से संचालित हो रहे हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से उनमें हड़कंप मचा हुआ है।

## गेहूं व सरसों की फसल पर ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा क्षेत्र के किसान गेहूं व सरसों की फसल पर ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव कर रहे हैं। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि मजदूरी लागत भी काम है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है।

गौरतलब है कि अकलतरा क्षेत्र के किसान वैज्ञानिक तरीके से गेहूं व सरसों की फसल पर दवा छिड़काव करने पर जोर दे रहे हैं, जिसके तहत ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव गेहूं एवं सरसों की फसल पर किया जा रहा है, जिससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि किसानों को मजदूरी लागत भी कम पड़ रही है। अकलतरा क्षेत्र के बनाहिल गांव के किसान नवल सिंह 2 हेक्टेयर के जमीन पर गेहूं की फसल लगाए हुए हैं वहीं इस फसल को अब बढ़ाने के लिए खाद की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में किसान वैज्ञानिक पद्धति से कृषि विभाग के अफसर की उपस्थिति में ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव तैयार हो रहे गेहूं के फसल पर कर रहे हैं। इसी प्रकार अकलतरा क्षेत्र के ही ग्राम नरियरा के किसान महेंद्र कुमार ने अपने एक हेक्टेयर से अधिक के जमीन पर गेहूं एवं सरसों की फसल लगाए हुए हैं वही इन फसलों को खाद की जरूरत पड़ रही है ऐसे में किसान आधुनिक तकनीक के ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव गेहूं एवं सरसों की फसल पर कर रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नंदकुमार दिनकर का कहना है कि अकलतरा क्षेत्र के किसान इन दोनों गेहूं एवं सरसों की खेती कर रहे हैं उन्हें ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव अपने खेतों में करने जानकारी प्रदान की जा रही है।

## सोगड़ा में रखी गई थी चाय उत्पादक राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ पहचान की नींव

aहरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चाय उत्पादक जिले के रूप में पहचान दिलाने की शुरुआत वर्ष 2010 में जिले के मनोरा ब्लॉक में स्थित अघोरेश्वर भगवान राम की तपोभूमि सोगडा से हुई थी। यहां चाय के पौधों का रोपण, अघोरेश्वर गुरुपद संभव राम जी के मार्गदर्शन में किया गया था। उनके मार्गदर्शन में चाय पत्ती की खुशबू जशपुर और भारत की सीमा से निकल कर चीन और जापान जैसे देशों तक पहुंचने लगी है।

सोगड़ा में मई 2010 में चाय बगान लगाए जाने के बाद लगातार चाय पत्ती की तुड़ाई की जा रही है। इन पत्तियों से 22 प्रतिशत तक ग्रीन चाय प्राप्त हो रहा है। उत्पादित चाय के परीक्षण के लिए चीन व जापान के अंतराष्ट्रीय चाय विशेषज्ञों व राष्ट्रीय चाय विकास बोर्ड के पास भेजा गया था। विशेषज्ञों ने सोगड़ा की ग्रीन टी को असम व दार्जिलिंग से बेहतर होने की पुष्टि कर दी है। जापान व चीन, जहां विश्व में सबसे अधिक ग्रीन टी की खपत होती है, जशपुर की



जलवायु चाय के उत्पादन के बेहद अनुकूल है। वर्तमान में सोगड़ा में असम में पाए जाने वाली चाय की प्रजाति टीवी 25, 26, 27, दार्जिलिंग की सीपी-1, पीके 78, टीवी और एवी का रोपण किया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में रोपे गए इन पौधे की ग्रोथ 4 महीने में ही दो से ढाई फीट की ग्रोथ देखी जा रही है, जबकि असम व दार्जिलिंग में इन पौधों को इतना विकसित होने में ढाई साल लग जाते हैं। यहां उत्पादित चाय पत्ती की प्रोसेसिंग के लिए लगभग 40 लाख की लागत से टी प्रोसेसिंग यूनिट भी स्थापित की गई है।

### पहले मैच में ध्यानचंद अकादमी ने हॉकी बालको को किया पराजित

**जांजगीर-चांपा।** जाजवल्य देव 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता जांजगीर का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पहला मैच ध्यानचंद अकादमी विरुद्ध बालको के मध्य खेला गया। ध्यानचंद अकादमी ने हॉकी बालको को 05- 02 से पराजित किया।

## व्यय ऑब्जर्वर ने प्रत्याशियों की ली लेखा समाधान बैठक

**सारंगढ़।** विधानसभा चुनाव 2023 में नियुक्त जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में लेखा समाधान बैठक आयोजित की गई।

प्रेक्षक श्री सिंह ने सर्वप्रथम शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न होने के लिए सभी को बधाई दी एवं जिले प्रशासन की पूरी टीम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की इस पूरी प्रक्रिया में यह व्यय लेखा समाधान बैठक अंतिम चरण है, जिसे पूरा कर हम इसे समाप्त करेंगे। इसके पश्चात विधानसभावार विधानसभा सारंगढ़ 17 और बिलाईगढ़ 43 के समस्त अभ्यर्थियों की लेखा संबंधी विवरण दस्तावेज की जांच की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# रेखा

## मुझे तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस रेखा उन अदाकाराओं में से हैं जिनकी खुद की जिंदगी पर एक फिल्म तक बनाई जा सकती है। शुरू से लेकर आज तक ना जाने कितने ही उतार चढ़ाव देखे हैं रेखा ने अपनी जिंदगी में। वहीं सिमी ग्रेवाल के चैट शो में जब रेखा पहुंचीं तो उन्होंने बताया कि उन्हें एक्टिंग से बिल्कुल लगाव नहीं था और वो कभी एक्ट्रेस भी नहीं बनना चाहती थीं।

वो कभी एक्टिंग की दुनिया में आना ही नहीं चाहती थीं बल्कि उन्हें तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया। रेखा की मां साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस थीं लिहाजा वो चाहती थीं कि उनकी बेटी भी एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाए। बेहद छोटी उम्र में ही रेखा से उनकी मां ने एक्टिंग करवाना शुरू कर दिया था। शुरुआत में वो साउथ की फिल्मों में ही दिखीं लेकिन 13 साल की उम्र में उन्होंने अपनी मां के साथ मुंबई का रुख किया ताकि वो हिंदी फिल्मों में काम कर सकें। ये इच्छा भी उनकी मां की ही थी ना कि रेखा की। रेखा की पहली हिंदी फिल्म थी सावन भादों थी जिसमे वो नवीन निश्चल के अपोजिट नजर आई थीं। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहा गया था। वहीं फिल्म रिलीज होने के बाद रेखा और नवीन निश्चल का नाम एक दूसरे के साथ खूब जुड़ा। कहा जाता है कि शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। एक्ट्रेस रेखा ने ये भी रिवील किया कि उनका पूरा बचपन खिलौनों की बजाय सेट पर काम करते हुए बीता जो उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं था। लिहाजा वो शूटिंग से ब्रेक लेने का बहाना बनाया करती थीं कभी बुखार तो कभी कुछ कहकर वो सेट से कई-कई घंटों के लिए गायब हो जाया करती थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# पैरासाइट फेम एक्टर नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** साउथ कोरिया के जाने माने एक्टर ली सुन क्युन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। खबरों के अनुसार, अभिनेता का शव उनकी कार में मिला जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। पुलिस को इस बात का शक है कि अभिनेता ने सुसाइड की है। आपको बता दें कि ली ने ऑस्कर विनिंग 'पैरासाइट' फिल्म में मुख्य रोल निभाया था। इनके इस रोल को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा इन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'साइको ड्रामा' से की थी।



# भारत में छुट्टियां मनाने आईं पॉप सिंगर लीपा, पहुंचीं राजस्थान

**मुंबई।** भारत आईं पॉप सिंगर दुआ लीपा इन दिनों राजस्थान की सैर पर हैं। दुआ राजस्थान की सड़कों पर आराम से घूमते हुए स्पॉट हुईं। इस मशहूर पॉप सिंगर ने राजस्थान से कई फोटोज शेयर की हैं.।जिसमें वो कभी कैमरे के सामने सेल्फी लेती नजर आईं तो कभी वहां की फेमस जगहों पर फोटोज क्लिक करवाती दिखीं। दुआ ने इन तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। फोटोज को शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'मेरी तरफ से आप सभी को हैप्पी हॉलीडे। आप सभी को ढेर सारा प्यार, गुड हेल्थ और ढेर सारी खुशियां अगले साल के लिए सेंड कर रही हूं। राजस्थान में पर्यटकों की भारी भीड़ की वजह स्थानीय लोग इस सेलिब्रिटी से अनजान हैं और वे उन्हें पहचानने नहीं पा। हालांकि पॉप सिंगर राजस्थान में कहां पर गई हैं इस बात की जानकारी नहीं है।



# रणबीर को मारे थे 20-25 थप्पड़...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है। फिल्म के एक दृश्य में रश्मिका मंदाना रणबीर को जोरदार थप्पड़ मारती हैं। जानिए, इस दृश्य में कैमरे के पीछे क्या हुआ था। फिल्म के एक दृश्य में करवाचौथ के मौके पर गीतांजली (रश्मिका) रणविजय (रणबीर) को खूब-खरी खोटी सुनाती है। इस दृश्य में रश्मिका के अभिनय की खूब तारीफ हुई जिसमें वे रणबीर को थप्पड़ मारती हैं। एक इंटरव्यू में वांगा के भाई प्रणय ने बताया कि शूटिंग के दौरान रणबीर ने रश्मिका से कहा था यह अच्छे से शूट हो, इसके लिए वह उन्हें चाहे जितनी बार मार सकती हैं। अच्छे शॉट के लिए रश्मिका ने रणबीर को 20-25 थप्पड़ भी मारे थे। रणबीर इस दृश्य की भावनाओं को अच्छे से दिखाना चाहते थे।




# 'मेरी क्रिसमस' एक बार फिर बड़े पर्दे पर

**मुंबई।** 'टाइगर 3' की ग्रैंड सक्सेस एंजॉय कर रही कैटरीना कैफ जल्द ही 'मेरी क्रिसमस' से एक बार फिर बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। इस फिल्म में कैटरीना पहली बार साउथ एक्टर विजय सेतुपति संग स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं इन सबके बीच मेकर्स ने 'मेरी क्रिसमस' का टाइटल ट्रैक सॉन्ग का ऑडियो क्लिप रिलीज कर दिया। मेकर्स ने कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की तस्वीरों के साथ ऑडियो क्लिप रिलीज किया है। इसे शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, परफेक्ट केरी क्रिसमस 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'मेरी क्रिसमस' को दो भाषाओं में शूट किया गया बता दें कि 'मेरी क्रिसमस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

## टीवी मसाला



# 3 जनवरी को होगा नए टीवी शो मेरा बलम थानेदार का प्रीमियम

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल मेरा बलम थानेदार 3 जनवरी से प्रसारित होगा। नए टीवी शो में विपरीत विचारधारा वाले दो व्यक्तियों की इस अनूठी प्रेम कहानी के साथ विविध विषयों को पेश किया जाएगा। शो में शगुन पांडे और श्रुति चौधरी क्रमशः वीर प्रताप सिंह और बुलबुल राजावत की भूमिका में हैं। इसमें एक जोड़े की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है, जिनकी शादी एक झूठ पर आधारित है, जिसके कारण उनके रिश्ते की नींव ढह सकती है। शशि सुमीत प्रोडक्शंस की ओर से निर्मित, 'मेरा बलम थानेदार' का प्रीमियर 3 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे प्रसारित होगा। शो को राजस्थान की सुरम्य पृष्ठभूमि पर सेट किया गया है। 'मेरा बलम थानेदार' सीरियल बुलबुल और वीर के जीवन को दर्शाता है, जो दिन और रात की तरह अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी नियति आपस में जुड़ी हुई है। वीरप्रताप सिंह की भूमिका निभाने पर अपने विचार साझा करते हुए, शगुन पांडे कहते हैं, मैं किसी भी तरह के धोखे के खिलाफ मजबूती से खड़े होने वाले, एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। मैं इस तरह की भूमिका का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था।

## आयशा के लिए मुनव्वर ने छोड़ा अपनी दोस्त का साथ

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में हर दिन कुछ ना कुछ नया होता रहता है। रिश्ते मिनटों में बदल जाते हैं। वहीं जब से मुनव्वर की गर्लफ्रेंड आयशा बिग बॉस के घर में आई है तब से सब कुछ बदल गया है। मुनव्वर अपने पुराने दोस्तों से लड़ने लगे हैं। वहीं बीते दिन देखा गया कि कैसे मुनव्वर एक छोटी सी बात पर मनारा का डांटने लगते हैं। वीकेंड के वार के बाद से ही मुनव्वर पूरे तरीके से बदले- बदले नजर आ रहे हैं। वहीं विक्की जैन और अंकिता लोखंडे के बीच इन दिनों जमकर लड़ाई हो रही हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा था कि विक्की- अकिता को मारने की कोशिश करते हैं। वहीं इस पर अंकिता और विक्की दोनों यही कहते हैं कि वह केवल बेड से उतर रहे थे। वहीं बीते दिन अंकिता कहती हैं कि तुझे सबकी दिक्कत दिखती है लेकिन क्या तुझे पता भी है कि मेरे साथ क्या दिक्कत है।



# फिर से जलवा दिखाने आ रहा टीपू ...

**मुंबई।** राजकुमार राव की वेब सीरीज 'गन्स एंड गुलाब्स' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। दूसरे सीजन का ऐलान करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस सीजन का पहला पार्ट इसी साल 18 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। जो इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली वेब सीरीज में एक है। 'गन्स एंड गुलाब्स' का दूसरा सीजन जल्द ही ओटीटी पर दस्तक देने वाला है. इसका ऐलान करते हुए वेब सीरीज के मेन हीरो राजकुमार राव ने लिखा- 'आपका इतना प्यार पाना, टीपू के लिए प्रेम पत्र से कम नहीं था। टीपू का जलवा देखना मत भूलना। गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2, जल्द आ रहा है नेटफ्लिक्स पर। इस वेब सीरीज की कहानी की बात करें तो ये 1990 दशक के गुलाब गंज के नाम के शहर के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म में नब्बे के गानों का खूब तड़का लगाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर सुर्खियों में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग की खबरें आई थी। वहीं इस साल की बात करें तो 'भीड़' फिल्म रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था राजकुमार राव की जिंदगी 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' फिल्म ने बदल दी। इस फिल्म में एक्टर का रोल भले ही छोटा था लेकिन उनके करियर को बूस्ट कर दिया।




# 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो...' अड़ गए राजकुमार

## रोक दी शूटिंग, अटक गई थीं मेकर्स की सांसें, फिर...

**मुंबई।** अक्खड़ मिजाज, मुंहफट और बेबाक अंदाज, चाल-ढाल में शेरों जैसा रौब, धमाकेदार आवास, मदमस्त अंदाज और सख्त मिजाज वाले एक्टर राजकुमार का एक दौर था। इनके फेमस डॉयलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर हैं। वह पुलिस की नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे, यहां भी उनका रौब कुछ ऐसा ही रहता था। इंडस्ट्री में राजकुमार साहब अपने तीखे तेवर और विवादित बोल के लिए जाने जाते थे। 1968 में उन्होंने असली जेवर पहनने की जिद में फिल्म की शूटिंग बीच में ही रोक दी, जिसके बाद तो डायरेक्टर के पसीने छूट गए थे।



***नीलकमल फिल्म में रही ये कास्ट :*** ये फिल्मों का वो दौर था, जब कम बजट में डायरेक्टर को फिल्म पूरी करके समय पर रिलीज करनी होती थी। 1968 में वहीदा रेहमान, राजकुमार, मनोज कुमार, मेहमूद, बलराज साहनी, ललिता पवार जैसे दिग्गजों से सजी एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम था नीलकमल। फिल्म को डायरेक्टर राम माहेश्वरी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राजकुमार का किरदार एक 'मूर्तिकार' का था, इसके अलावा राज कुमार को इसमें कुछ गहने भी पहनने थे।

***नकली जेवर देखकर भड़क गए राजकुमार :*** जब फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई तो राज कुमार अपने लिए आए नकली आभूषणों को देखकर गुस्सा से लाल हो गए। सेट पर उन्हें गुस्से में देख साथी कलाकार और क्रू परेशान हो गई। गुस्से से लाल राजकुमार डायरेक्टर के पास पहुंचे और गुस्से में बोले- 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो शूटिंग नहीं करूंगा। ये सुनकर डायरेक्टर के हाथ पैर फूल गए।

### कई दिनों तक रुकी रही शूटिंग

काफी समझाने के बाद भी राज कुमार अपनी जिद पर अड़े रहे। डायरेक्टर राम माहेश्वरी घबराकर नील कमल के प्रोड्यूसर पन्ना लाल माहेश्वरी के पास पहुंचे और उन्होंने राज साहब की जिद को उनके सामने रख दी। कई दिनों तक शूटिंग रुकी रही, जिसकी वजह से फिल्म के मेकर्स का नुकसान होता रहा।

### आखिर में मंगवाना ही पड़े असली सोने के गहने

डायरेक्टर व प्रोड्यूसर दोनों के पास कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था, क्योंकि फिल्म की कुछ शूटिंग हो चुकी थी। आखिरकार प्रोड्यूसर ने किसी तरह जुगाड़ करके असली गहनों का इंतजाम किया। उसके बाद ही राजकुमार ने फिल्म का पहला शॉट दिया। वो राज कुमार ही थे, जो ठान लेते थे वही करते भी थे।

## एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो देख डालिए

# ओटीटी पर हॉलीवुड की हिंदी में डब 2023 की ये बड़ी एक्शन फिल्में

*मुंबई। एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए साल 2023 बेहद खास रहा, क्योंकि इस साल हॉलीवुड की 5 बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी की फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों की खास बात ये है कि इनमें से हर फिल्म हिंदी में डब की गई है। इससे पहले कि साल 2023 विदाई ले इन फिल्मों को अपनी वॉचलिस्ट में जरूर जोड़ लीजिए। ये फिल्में आपकी बॉडी की एड्रेनल ग्लैंड को एड्रेनालाईन हार्मोन रिलीज करने पर मजबूर कर देंगी। चलिए एक नजर डालते हैं इस साल की इन 5 बेहतरीन एक्शन फिल्मों पर।*




### जॉन विक-4

ये कहानी उस जॉन विक की है जो आम दुनिया के बीच ही पनपी एक अलग जरायम की दुनिया का सबसे खूंखार इंसान है। हमेशा शांत दिखने वाला जॉन ने छोटी-छोटी दिखने वाली बातों के लिए हजारों लोगों को खत्म कर दिया है। इस फिल्म में भी आप जॉन को ऐसा ही करते देख पाएंगे। 24 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### फास्ट एक्स

डोमिनिक (विन डीजल) की पूरी फैमिली इस साल थिएटर में 19 मई को फिर से लौटी फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के 10वें पार्ट 'फास्ट एक्स' के साथ। फिल्म का पहला पार्ट साल 2001 में आया था। तब से आने वाले अगले हर पार्ट में फिल्म अपनी ही पुरानी फिल्म के एक्शन से एक कदम आगे निकल जाती। बैकग्राउंड में बजते गानों के साथ फिल्म के कार चेज सीन बांधकर रखते हैं। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।



### एक्सट्रैक्शन-2

थॉर फेम एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ की एक्सट्रैक्शन 2 इस साल 9 जून को रिलीज हुई। 3 साल बाद लौटी एक्सट्रैक्शन की टीम का ठिकाना बदल चुका है। अब वो बांग्लादेश से निकलकर यूरोप पहुंच चुकी है। इस बार भी इस टीम को एक फैमिली को बचाने का काम मिलता है। फिल्म के एक्शन एकदम रॉ रखे गए हैं, जो देखने लायक हैं और डराते हैं। अगर आपके पास नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन है, तो आपको ये फिल्म यहां देखने को मिल जाएगी।




### द इक्वलाइजर-3

इस सीरीज की पुरानी फिल्मों की तरह ही इसमें भी फिल्म के लीड डेंजेल वॉशिंगटन शांत चेहरे के साथ 'कूल' एक्शन करते दिखे हैं। फिल्म का लीड शांत दिखता है लेकिन उसके अंदर एक कोल्ड ब्लडेड कातिल छुपा है जो किसी के साथ बुरा होते देखते ही जग जाता है। उनका ये रूप देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।




### मिशन इंपॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट 1

मिशन इंपॉसिबल सीरीज की ये फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देखा जा सकता है। फिल्म में टॉम क्रूज को वो हर इंपॉसिबल स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं जिनके लिए उनकी ये फ्रेंचाइजी दर्शकों की मनपसंद फिल्म बनी हुई है। सांस थाम देने वाले एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने इंडिया में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई की है।



**खबर संक्षेप**



## भारत संकल्प यात्रा में बालिकाएं दे रहीं प्रस्तुति

**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में महिलाएं और बालिकाएं स्वागतए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम में भरपूर योगदान के साथ सुंदर प्रस्तुति कर रहे हैं। बरमकेला विकासखंड के ग्राम बरगांव और कांदुलपाली में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम कलमी और साल्हे में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम कोदवा, बालपुर, ढनढनी और धोबनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया, जहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। जिले के नागरिकों को शिविर के माध्यम से विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का महिलाओं ने स्वागत एवं पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत निर्माण के लिए शपथ लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 2 जनवरी को होगा संकल्प यात्रा शिविर

**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नगर पालिका सारंगढ़ और नगर पंचायत बिलाईगढ़ में मंगलवार 2 जनवरी को किया जाएगा। यह शिविर सारंगढ़ के तुर्की तालाब के पास जवाहर भवन परिसर में सुबह 8 बजे से होगा, वहीं बिलाईगढ़ के वार्ड 7 इंदिरा मार्केट में दोपहर 2 बजे होगा। इस वीबीएसवाय शिविर में पीएम आवास योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला आदि योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा, जहां सभी नागरिकों को योजनाओं के लाभ के साथ साथ आवेदन, आयुष्मान और आधार कार्ड अपडेशन किया जाएगा। वीबीएस यात्रा में बिहान समूह की महिलाओं और स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## ओपन स्कूल का विलंब शुल्क जमा करने की तिथि जारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के निर्देशानुसार हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 में छात्र-छात्राएं ऑनलाईन एवं ऑफलाईन के माध्यम से 31 दिसंबर तक एवं विलम्ब शुल्क के साथ 14 जनवरी 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। समस्त प्राचार्य अध्ययन केन्द्र प्रभारी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल जिला रायगढ़ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क के अलावा किसी प्रकार की अन्य शुल्क न लिया जाए।

## 15 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** साइबर सेल और कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गोरखा में शराब छापेमार कार्रवाई किया गया। पुलिस को मुखबीर सूचना मिली थी कि गोरखा निवासी राजू उरांव उसके घर के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है। तत्काल साइबर सेल और कोतरारोड पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर संदेही राजू उरांव को तलब कर अवैध शराब बेचने के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया जिस पर उसने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करना स्वीकार कर प्लास्टिक जरकिन और प्लास्टिक बोतल में रखा हुआ 15 लीटर महुआ शराब और शराब बिक्री रकम नकदी 2320 रुपए लाकर पेश किया जिसकी जब्ती कर थाना लाया गया। आरोपी आरोपी राजू उरांव पिता मालिकराम उरांव उम्र 35 वर्ष निवासी गोरखा पर थाना कोतरारोड़ में आबकारी की धारा 34,2,59 क के तहत कार्रवाई किया गया है।

### प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की

# गुरुदेव स्वामी धनपती पंडा की गुरु गद्दी का आशीर्वाद लेने भुईयापानी पहुंचे मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज तहसील लैलूंगा के ग्राम भुर्ईयापानी में गुरु गुरुदेव स्वामी धनपती पंडा के निवास स्थान पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु गद्दी को प्रणाम कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने गुरु के परिवार जनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। गुरु शिष्य परंपरा के सशक्त ध्वजवाहक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बाल्यकाल में 5 वर्ष की उम्र से गुरु का अनुसरण करते रहे हैं। प्रदेश के मुखिया की जिम्मेदारी मिलने पर वे गुरु की गद्दी का आशीष लेने विशेष रूप से भुईयापानी पहुंचे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गांव में उनकी स्मृति में दुर्गा मंदिर का भी निर्माण करवाया है।

### भगवान शिव और बजरंगबली के दर्शन के लिए पहुंचे सीएम



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को रायगढ़ जिला तहसील लैलूंगा के भुईयापानी ग्राम में गुरुबाबा स्व. धनपती पंडा द्वारा स्थापित भगवान शिव और बजरंगबली के दर्शन के लिए पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा.अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और बजरंगबली से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर आगमन पर भुईयापानी ग्राम के लीला पार्टी के सदस्यों द्वारा ढोलकए शंख और मंजीरा बजाते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशलया देवी साय, चचेरी बहन श्रीमती शांता साय व अन्य परिजनों के साथ पहुंचे और ओम नमः शिवाय के मंत्रोचार के साथ मंदिर की परिक्रमा लगाई। मंदिर प्रांगण में भगवान बजरंगबली की मूर्ति पुराने वट वृक्ष के नीचे स्थापित है और विशालकाय प्रतिमा भी बनाई गई है। साथ ही सन 2009-10 में गुरुबाबा स्व. धनपती पंडा के मार्गदर्शन में भक्तों द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले भगवान बजरंगबली फिर गुरु बाबा और गुरु मां की प्रतिमा और भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा अर्चना की।

### अंजू ने सीएम से कहा- पढ़ लिखकर बनूंगी शिक्षिका, साय ने दी शाबासी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को जिले के अंतिम छोर पर लैलूंगा के भुईयापानी में बिरहोर परिवारों से मुलाकात के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने सभी का हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात करने बिरहोर परिवार के बच्चे भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान बच्चों को उपहार दिया और उनसे भी बातें की। इस दौरान नन्ही अंजू बिरहोर से जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूछा कि बड़ी होकर क्या बनोगी, अंजू ने मुस्कान के साथ कहा कि मैं स्कूल की मैडम बनूंगी, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा शाबाश।

# टीचर्स अवॉर्डी फोरम ने की सीएम से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय के प्रथम आगमन पर 27 दिसंबर बुधवार रात्रिकालीन अवसर पर सर्किट हाउस रायगढ़ में सौजन्य भेंट मुलाकात कर छत्तीसगढ़ राज्य टीचर्स अवॉर्डी फोरम के पदाधिकारियों ने सीएम से मुलाकात की। राज्यपाल पुरस्कृत राजेन्द्र चौहान ने कहा कि जहां आने वाले दिनों में अवॉर्डी शिक्षकों के फोरम पंजीयन क्रमांक छग राज्य 5350 के बैनर तले प्रतिनिधि मंडल से मिलने व अवॉर्डी फोरम के उद्देश्यों राष्ट्रहित, समाज हित, शिक्षक हित छात्र हित पर वार्तालाप एवं ज्ञापन सौंपने हेतु आवेदन पत्र दिया गया जहां छत्तीसगढ़ राज्य के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आवेदन को सहर्ष स्वीकार कर शीघ्र ही मुख्यमंत्री निवास से समय व तिथि निश्चित कर सम्मानित शिक्षकों को सूचित करने की बात कही। इस अवसर पर आत्मानंद विद्यालय बरमकेला में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत पवन कुमार नायक साथ में उपस्थित थे। उक्त प्रयास की सराहना करते हुए फोरम के सम्मानित सदस्यों सहित प्रदेश महासचिव मुन्नालाल देवदास एवं प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने शुभकामनाएं अर्पित की है।

# देवगढ़ व जरेकेला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणजन लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



जनपद तमनार में विकसीत भारत संकल्प यात्रा 28 दिसम्बर को ग्राम पंचायत देवगढ़ व जरेकेला में ग्रामीणजनो का भारी उत्साह देखा गया। संकल्प यात्रा टीम को कर्मा नृत्यक दल गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत सत्कार के बाद स्वच्छता शपथ लिया गया। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया गया। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओ की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियों ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताने पर ग्रामीणजन भी उत्साहित हुए। बेटियो द्वारा मनमोहक गीत, सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुति से अतिथिगण ग्रामीण गदगद हुए। विधायक सुनीति राठिया ने कहा कि भारत को एक विकसित देश बनाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार के योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत सांकल्प यात्रा में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के उद्देश्य से लाभ लेने लाभार्थियों को प्रेरित की जा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जिले के सभी पंचायतों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की योजनाओ प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, जन धन, आयुष्मान भारत, महतारी वंदना योजना, अमृत जल मिशन स्वच्छ भारत मिशन अन्य योजनाओं की जानकारी के साथ जो पात्र छूट गए है उनका आवेदन भर कर योजना का लाभ लेने आव्हान किया जा रहा है। देवगढ़ में पूर्व विधायक सुनीति राठिया, डीडीसी रोहिणी बसंत राठिया, सरपंच विजय सिदार, उप सरपंच नीलकमल चौहान, पूर्व डीडीसी अरुण राय, प्रतापनारायण बेहरा, महेश भोय, शोभाराम बेहरा, तीरथ राठिया, संतोष यादव, लवकुश राठिया सैकड़ो ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा 2061 लाभार्थियों ने शिविर के माध्यम से साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली डिजीटल रथ जिले के गांव-गांव पहुंचकर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है। इस दौरान गांवों में शिविर भी लगाये जा रहे है, जहां विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित भी कर रही है। इसी क्रम में अब तक जिले के 114 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये है, जहां 2061 ऐसे लाभार्थी शिविर के माध्यम से सामने आये जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला और उन्होंने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से शिविर में उपस्थित अन्य लोगों को अपना अनुभव साझा करते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इसी तरह अब तक शिविर के माध्यम से 29 हजार 15 लोगों का स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से निः शुल्क स्क्रीनिंग किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करना है। इसको देखते हुए जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम अलोला एवं विजयनगर, घरघोड़ा के पतरापाली एवं रूमकेरा, खरसिया के बरभौना एवं गुरदा, लैलूंगा के सरडेगा एवं पहाड़ लुड़ेग, पुसौर के बिंजकोट एवं एकताल, रायगढ़ के भगोरा एवं अड़भाल तथा विकासखण्ड तमनार के ग्राम.मौहापाली एवं बरपाली में किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आज अलग-अलग विभागों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे। जहां मौके पर पात्र परिवारों को उज्जवला योजना का लाभ दिया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता प्रमाण.पत्र तो कई लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड दिया गया। इसी तरह केन्द्र सरकार की विभिन्न 17 जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और उसका लाभ लेने के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और केन्द्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के बारे में जानने के साथ-साथ उसका लाभ भी उठाया।

**मेडिकल कैंप लगाकर की गई स्वास्थ्य जांच**

इस दौरान शिविर आयोजन वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर शिविर में आए 29 हजार 15 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। जहां टीबी, गैर संचारी रोग, मधुमेह, सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवाईयां दी गईं।

**जिले के इन गांवों में कल पहुंचेंगी डिजीटल रथ**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजीटल रथ कल 30 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कापू, घरघोड़ा के बिच्छीनारा एवं चोटीगुड़ा, खरसिया के दर्रामुड़ा एवं तेन्दूमुड़ी, लैलूंगा के झरन एवं खम्हार, पुसौर के गढ़उमरिया एवं जकेला, रायगढ़ के संबलपुरी एवं नवागांवए तमनार के सामारूमा एवं बनई शामिल है।

# सुनील रामदास ने सीएम एवं कैबिनेट मंत्री को लड्डूओं से तौला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायगढ़ विधायक एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम रायगढ़ आगमन 27 दिसंबर बुधवार को हुआ।

इस अवसर को ज्यादा यादगार बनाने के लिएए वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीराम मंदिर रायपुर के उपाध्यक्ष एवं रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास द्वारा उनके भव्य स्वागत के लिए गांधी प्रतिमा चौक को भव्य ढंग से सजाया गया था। इस समारोह में सुनील रामदास द्वारा मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी को लड्डूओं से तौला गया। इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को देखने सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोक उमड़ पड़े थे। इस समारोह मेंए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायगढ़ विधायक एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी का स्वागत अनोखे ढंग से किया गयाए जहां उन्हें लड्डुओं से तौला गया। यह भारतीय परंपरा सम्मान और आदर देने की एक प्रतीक है। समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लियाए जो मुख्यमंत्री को सुनने और उनसे मिलने के लिए उत्सुक और उत्साहित थे। यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने हजारों लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उनके एक झलक पाने के लिए लोग बहुत उत्साहित थे। सुनील रामदास ने जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी को लड्डुओं से तौला जाएगा। इसकी सूचना जब नगर एवं क्षेत्र वासियों को दी, तो भारी संख्या में लोग पहुंचने लगे। गौरीशंकर मंदिर चौक होते हुए जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी का काफिला गांधी प्रतिमा चौक पहुंचा तब वहां का वातावरण हर्ष एवं उल्लास से परिपूर्ण हो गया था। जनता ने जयघोष के नारे लगाकर अपने मुख्यमंत्री के प्रति अपना सम्मान प्रकट किए।

# समाज के प्रति सभी अपने कर्तव्य का पालन करें: कुलपति डा.पटैरिया



**सारंगढ़।** शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय कालेज सारंगढ़ द्वारा ग्राम कपरतूंगा में आयोजित एनएसएस कैंप के समापन समारोह में शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया और डॉ.रेणु पटैरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कुलपति डॉ पटैरिया ने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज में युवाओं की भूमिका एवं योगदान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सभी अपने कर्तव्य का पालन करें। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए शिविर में स्वयं सेवकों के द्वारा नशा मुक्ति समाज के लिए युवा विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विमल कुमार पटेल, प्राचार्य डॉ डीआर लहरे, सरपंच घनश्याम पटेल एलएस पटेल, प्राध्यापक रामचंद्र भैना, कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर राय, सहसराम साहू, स्वयंसेवक मनीष रात्रे, दुर्गेश्वरी दास, डालेश्वर लहरे, राज लहरे, जितेंद्र साहू, जागृति बरेठ, भारती साहू, वंदना साहू, सागर पटेल, देवसागर गुरु, खिलेश बंजारे, तोपचंद जाययसवाल उपस्थित थे।

# ‘धरती कहे पुकार के’ में उत्साह से कर रहे सरकार की तारीफ : गौरांग

**पुसौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत प्रत्येक शिविर में ‘‘धरती कहे पुकार के‘‘ नामक एक कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें हितग्राही गण आकर सरकार से लिए सुविधा एवं सहयोग को अपनी जुबानी बताते हैं। जिसमें ज्यादातर योजनाएं केन्द्र सरकार की है जिसे हितग्राही गण पूर्व सरकार के समक्ष बयान नहीं कर पाते थे लेकिन अब इसे शिविरों में हितग्राही अति उत्साह से अवगत कराते रहे हैं। उक्ताशय के उद्बोधन बीते रेंगालपाली एवं झलमला में आयोजित संकल्प यात्रा शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला भाजपा किसान अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य गौरांग साव ने किया। जानकारी के मुताबिक 11 बजे से 2 बजे तक के रेंगालपाली कार्यक्रम में यहां के सरपंच राकेश साव, भाठनपाली सरपंच पुष्पा प्रधान, मण्डल महामंत्री सत्तेसिंह, प्रेमशंकर पंडा, उमेश शर्मा, सुनाउ यादव एवं अन्य पंचायत पदाधिकारियों के व्यवस्था में शिविर आयोजित हुआ जिसमें दोनों पंचायत के लोग शामिल हुए। जहां नोडल अधिकारी सब इंजीनियर बिन्दु डनसेना व सहायक विस्तार अधिकारी ब्रजबंधु पटेल के दिशा निर्देश में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी तरह 2 बजे से 5 बजे तक झलमला में शिविर आयोजित हुई जिसमें सेवा निवृत्त एडिशनल एसपी गुरूवचन सिंह, झलमला सरपंच चम्पा सिदार, नेतनागर सरपंच जित्ते सिंह, पूर्व सरपंच मगनपाल बल, उत्तम पटेल सहित अन्य लोग शामिल रहे। यहां सर्वप्रथम छात्रों के सरस्वती वंदना एवं पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने देश के विकास हेतु संकल्प लिए। लगे हुए स्टाल में आईसीडीएस में सुपरवाईजर अंजना साहू एवं उनके सहयोगीयों द्वारा मातृवंदना के 4 आवेदन प्राप्त किए, कृषि विभाग के आरईओ सिलवन्ती टोप्पो ने 2 किसान सम्मान निधि के आवेदन, उद्यान विभाग के आरएचओ दिलीप पैंका के समक्ष कोई आवेदन नहीं, कृशि विज्ञान केन्द्र डा एन सी बंजारा के समक्ष निरंक आवेदन रहे वहीं राजस्व विभाग में पटवारी डीसी पटेल ने जाति निवास एवं भूमिहीन प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु आवेदन लिया।




